RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 06 अगस्त 2023 | वर्ष 05 | अंक 102 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# राकांपा रही नरम, नहीं टूटा भरम

## किस खेमे में कितने विधायक पर से नहीं हटा पर्दा

मुंबई। महाराष्ट्र विधानमंडल का मानसून अधिवेशन कई मायनों में यादगार रहा। सत्र के शुरूआती दिन से ही एनसीपी के विधायकों को लेकर उपजा भ्रम का सत्र के समापन तक अंत नहीं हुआ। सदन में राकांपा के विधायक नरम बने रहे और इस बात का खुलासा नहीं हो पाया कि अजित पवार खेमे में कितने विधायक हैं और शरद पवार के साथ कितने?



विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर की तरफ से भी इस बात का खुलासा करने की कोशिश नहीं की गई। सत्रावसान के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब अजित पवार से यह सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि आप मेरे विधायकों की फिक्र मत कीजिए। मैं इस बारे में आपका भ्रम बनाए रखना चाहता हूं। सत्र के दौरान विपक्ष कमजोर नजर आया। हालांकि कांग्रेस की तरफ से मोर्चा संभालने की पूरी कोशिश की गई। सत्र के दौरान कुल 13 दिनों का कामकाज हुआ और किसी भी दिन दिवस भर के लिए सदन का कामकाज स्थगित नहीं हुआ हालांकि विपक्ष ने कई मौके पर सदन से वॉक आउट जरूर किया।

तीन सप्ताह के सत्र के दौरान दो सप्ताह तक विधानसभा का कामकाज नेता प्रतिपक्ष के बिना ही चला। आखिरी के दो दिनों में कांग्रेस ने विजय वडेट्टीवार को नेता प्रतिपक्ष चुना। विजय वडेट्टीवार को 7 दिसंबर से नागपुर में होने वाले शीतकालीन

### अजित पवार ने कहा, मैं बनाए रखना चाहता हूं संभ्रम

सत्र में बैटिंग करने का मौका अवश्य मिलेगा। विपक्षी विधायकों को निधि वितरण में भेदभाव का मामला भी गूंजा। सत्र खत्म होने के बाद अजित पवार ने कहा कि 24 विधायकों को कम निधि मिलने की शिकायत मिली है। इस मामले में चर्चा कर मामले का हल निकाला जाएगा।

### मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को मिली तारीफ

सत्र के पहले सप्ताह में भाजपा नेता किरीट सोमैया के वायरल वीडियो की चर्चा रही। विधान परिषद में विपक्ष ने यह मामला उठाया तो उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए। विपक्ष ने विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोरे के खिलाफ मोर्चाबंदी की। सपा विधायक अबू आसिम आजमी के वंदेमातरम नहीं बोलने से इंकार करने पर जमकर बवाल हुआ। इस पर अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने आजमी को फटकार लगाई। सत्र के दौरान 20 अगस्त को ईशालवाडी में भूस्खलन की दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित हुई। मुख्यमंत्री ने घटनास्थल पर पहुंचकर दिन भर राहत और बचाव कार्य का नेतृत्व किया। इससे हमेशा ऑन फील्ड रहने वाले शिंदे की जमकर तारीफ भी हुई।

# मुंबई की पूर्व महापौर किशोरी पेडनेकर, बीएमसी के दो अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज



**मुंबई :** मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने मुंबई की पूर्व महापौर और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की नेता किशोरी पेडनेकर तथा दो निकाय अधिकारियों के खिलाफ कोविड-19 के मृतकों के शव रखने के लिए बैग की खरीद में कथित भ्रष्टाचार को लेकर मामला दर्ज किया है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामला शुक्रवार को आग्रीपाडा थाने में दर्ज किया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में जुलाई में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता किरीट सोमैया ने शिकायत दर्ज कराई थी। पेडनेकर नवंबर 2019 से मार्च 2022 तक महापौर के पद पर रहीं। उन्होंने कहा कि पेडनेकर और बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के दो वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ 420 (धोखाधड़ी) और 120 (बी) (आपराधिक साजिश) सहित भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधिकारी ने मामले के संबंध में कोई और जानकारी साझा नहीं की। संपर्क करने पर भाजपा नेता सोमैया ने कहा, ''हमने इस साल जुलाई में शव बैग घोटाले के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। शव रखने के लिए 1,500 रुपये के प्रत्येक बैग को 6,700 रुपये में खरीदा गया था और करोड़ों रुपये के कोष की हेराफेरी की गई थी।''

# बीएमसी अधिकारी पर स्याही फेंकने के आरोप में कांग्रेस के पांच कार्यकर्ता गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई में भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान उपनगरीय देवनार में बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के एक अभियंता पर स्याही फेंकने के आरोप में शनिवार को कांग्रेस के पांच कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। देवनार पुलिस थाने के अधिकारी ने कहा कि कांग्रेस ने दिन के दौरान एम ईस्ट वार्ड सहित सभी बीएमसी वार्डों में विरोध मार्च आयोजित किया था। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''बीएमसी अभियंता अनिल जाधव से उनके कार्यालय में बात करते समय, विरोध करने वाले कांग्रेस कार्यकताओं में से एक, आरिफ सैय्यद ने जाधव पर स्याही फेंक दी और उन्हें धमकी दी। इसके बाद बीएमसी के सुरक्षाकर्मियों ने सैय्यद और उनके सहयोगियों को पकड़ लिया।''

**आरिफ सैय्यद कांग्रेस की युवा शाखा के जिला प्रमुख हैं।**

पुलिस अधिकारी के मुताबिक बीएमसी अभियंता अनिल जाधव की शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 353 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य के निर्वहन से रोकने के लिए हमला करना या आपराधिक बल प्रयोग करना), 120-बी (आपराधिक साजिश) और 506-2 (आपराधिक धमकी) के तहत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि पांचों लोगों को रविवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

# 'इंडिया' की दो दिवसीय बैठक मुंबई में, पांच राज्यों के मुख्यमंत्री भी रहेंगे मौजूद: नाना पटोले




**मुंबई :** विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की दो दिवसीय बैठक 31 अगस्त एवं 01 सितंबर को मुंबई में आयोजित की गई है। इसमें पांच राज्यों के मुख्यमंत्री सहित देशभर के विभिन्न विपक्षी दलों के नेता शामिल होंगे। यह जानकारी शनिवार को महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने दी।

पटोले ने पत्रकारों को बताया कि बैठक की तैयारी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि शनिवार को मुंबई में इंडिया गठबंधन की बैठक का समय तय करने और तैयारी पर चर्चा करने के लिए महाविकास अघाड़ी के आला नेताओं की बैठक हुई। इसमें बैठक की तैयारी के लिए 15 नेताओं की टीम बनाई गई है। इस टीम में शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरद पवार) और कांग्रेस से पांच-पांच नेता शामिल हैं। टीम के सदस्यों के बीच समन्वय की जिम्मेदारी पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण पर सौंपी गई है।

पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार की मौजूदगी में पटोले ने कहा कि उद्धव ठाकरे और शरद पवार हमारे साथ हैं। ये दोनों नेता हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। हम उनके साथ मिलकर इस बैठक की योजना बना रहे हैं। इसके बाद गठबंधन इंडिया की अगली बैठक मुंबई में अगले वर्ष 20 फरवरी को होगी।

शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने बताया कि बैठक में पांच राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हो रहे हैं। इसलिए इस बैठक को सुरक्षा मुहैया करवाने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है। इस संबंध में राज्य सरकार से बात की जाएगी। राउत ने कहा कि 31 अगस्त को मुंबई के होटल ग्रांड हयात में उद्धव ठाकरे की ओर से सभी नेताओं के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया गया है। एक सितंबर को बैठक के बाद सभी दलों के नेता संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे।

# राज्य सरकार ने प्राइवेट बसों को भी यात्रियों को ढोने दी अनुमति



**मुंबई :** बेस्ट के भाड़े पर ली गई बसों के हड़ताल पर जानें से यात्रियों का हो रहे बुरा हाल को देखते हुए राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर निजी बस मालिको स्कूल के बस मालिको सहित रिक्शा, टैक्सी चालकों को यात्रियों को सुविधा देने के लिए शेयर टैक्सी के रूप में यात्रियों को ढोने की अनुमती दी है। राज्य सरकार ने यह निर्णय मोटर अधिनियम 1988 के 59 के कलम 66 के उपकलम 3 के खंड एन के तहत सार्वजनिक सुविधा देने के लिए शेयर भाड़ा लेकर यात्रियों को सुविधा देने की छूट दी है। राज्य सरकार के इस निर्णय से यात्रियों को थोड़ा राहत मिलने की उम्मीद है.




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### खत्म हो भेदभाव

तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई जिले में स्थित मरियम्मन मंदिर में बुधवार को कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच दलित परिवारों ने प्रवेश किया और पूजा अर्चना की। सौ साल से भी पुराने इस मंदिर में अब तक दलितों को प्रवेश नहीं दिया गया था। यह मामला पिछले महीने तब तूल पकड़ गया, जब उसी इलाके के एक स्कूल में पढ़ाई करके चेन्नै में काम कर रहे दो युवकों में मंदिर प्रवेश के अधिकार को लेकर सोशल मीडिया पर बहस हो गई। इनमें एक युवक दलित समुदाय का था और दूसरा वन्नियार का। सोशल मीडिया पर चली इस बहस के कारण इलाके में तनाव फैल गया और दलित एवं वन्नियार समुदाय इस सवाल पर आमने सामने हो गए। इसके बाद दलितों ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया कि उन्हें मंदिर में प्रवेश करने दिया जाए। जिला प्रशासन ने दलितों की ओर से घोषित की गई तारीख पर पुलिस बंदोबस्त करके यह सुनिश्चित किया कि इस दौरान कोई अप्रिय घटना न घटे। अभी तक की जानकारी के मुताबिक, किसी अन्य समुदाय ने इसके खिलाफ किसी तरह का विरोध दर्ज नहीं किया है। लेकिन गौर करने की बात है कि मंदिर में दलितों के प्रवेश को संभव बनाने के लिए इस बार भी भारी पुलिस बंदोबस्त की जरूरत पड़ी। तमिलनाडु में मंदिरों में दलितों के प्रवेश या उस पर रोक के ऐसे मामले सामने आते रहते हैं। अप्रैल महीने में राज्य के विल्लुपुरम जिले में एक दलित के मंदिर प्रवेश पर उसकी सवर्णों द्वारा पिटाई का मामला सामने आया था। बाद में हालात बिगड़ने पर मंदिर को सील कर दिया गया। यह स्थिति तब है जब राज्य में 1947 का तमिलनाडु टेंपल एंट्री ऑथराइजेशन एक्ट लागू है, जो सभी जाति और वर्ग के लोगों को हिंदू मंदिरों में प्रवेश और पूजा-पाठ करने का अधिकार देता है। यही नहीं, राज्य में पेरियार के नेतृत्व में सामाजिक सुधार के तगड़े आंदोलन का इतिहास भी रहा है और इससे प्रभावित पार्टियों का यहां की राजनीति में दबदबा भी।

बहरहाल, यह स्थिति सिर्फ तमिलनाडु की नहीं, देश के तकरीबन सभी राज्यों की है। तेज विकास के कारण रहन-सहन, वेश-भूषा, काम-काज आदि के स्तरों पर आए बदलावों को देखते हुए अक्सर ऐसा लगता है कि जातिगत भेदभाव अब धुंधले पड़ रहे हैं। इसी आधार पर इसे अक्सर अतीत की बात भी कह दिया जाता है। लेकिन सचाई यही है कि आजाद देश के रूप में तीन चौथाई सदी पूरी कर लेने के बाद भी समाज के हर हिस्से में यह बात अच्छी तरह नहीं पहुंची है कि हमारा संविधान देश के हर नागरिक को समान मानते हुए उन्हें अपने धार्मिक विश्वास के मुताबिक जीवन बिताने का अधिकार देता है और किसी भी सार्वजनिक स्थान पर उनमें से किसी के भी साथ भेदभाव करने की इजाजत नहीं देता। जाहिर है, संविधान की इस भावना को जन-जन तक पहुंचाने के प्रयासों को पूरी शिद्दत से जारी रखना होगा।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# चलती कोर्ट के बीच बॉम्बे हाईकोर्ट के जस्टिस रोहित देव ने दिया इस्तीफा...

## 'आत्म सम्मान के खिलाफ काम नहीं कर सकता'

बॉम्बे हाईकोर्ट के जस्टिस रोहित देव ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने निजी कारणों से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ के जस्टिस देव ने अदालत में कई वकीलों की मौजूदगी में यह घोषणा की और यह भी कहा कि वह 'अपने आत्म सम्मान के साथ समझौता नहीं कर सकते.''इस घोषणा के बाद उनके समक्ष सूचीबद्ध मामले समाप्त मान लिए गए.




एक वकील के अनुसार जस्टिस देव ने कहा, '' अदालत में जो भी मौजूद हैं, मैं आप सभी से माफी मांगता हूं. मैंने आपको डांटा क्योंकि मैं चाहता हूं कि आपमें सुधार आए. मैं आपमें से किसी को आहत नहीं करना चाहता क्योंकि आप सभी मेरे लिए परिवार के जैसे हैं, लेकिन मुझे यह बताते हुए दुख है कि मैंने अपना इस्तीफा सौंप दिया है. मैं अपने आत्म सम्मान के विरूद्ध काम नहीं कर सकता. आप लोग कठिन परिश्रम करें.''

**जस्टिस देव ने दिया इस्तीफा**

बाद में जस्टिस देव ने संवाददाताओं से कहा कि व्यक्तिगत कारणों से उन्होंने इस्तीफा दिया है और अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति के पास भेजा है. पिछले साल जस्टिस देव ने माओवादियों के साथ कथित संबंध के मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जी एन साईंबाबा को बरी कर दिया था और कहा था कि अवैध गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत वैध मंजूरी के अभाव में सुनवाई की कार्रवाई 'अमान्य'है. उच्चतम न्यायालय ने इस आदेश पर स्थगन लगा दिया था और हाईकोर्ट की नागपुर पीठ को इस मामले पर नए सिरे से सुनवाई करने का आदेश दिया था. जस्टिस देव ने महाराष्ट्र सरकार के तीन जनवरी के सरकारी प्रस्ताव (जीआर) के क्रियान्वयन पर स्थगन लगा दिया था. इस प्रस्ताव के माध्यम से राज्य सरकार को नागपुर-मुंबई समृद्धि एक्सप्रेसवे के निर्माण या क्रियान्वयन कार्य में लगे ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे लघु खनिज उत्खनन के संबंध में राजस्व विभाग की दंडात्मक कार्यवाही को रद्द करने का अधिकार दिया गया था. जस्टिस देव को जून, 2017 में बॉम्बे हाईकोर्ट में जज नियुक्त किया गया था और वह दिसंबर, 2025 में सेवानिवृत होने वाले थे. हाईकोर्ट में न्यायाधीश नियुक्त किये जाने से पूर्व उन्होंने वर्ष 2016 में महाराष्ट्र सरकार के लिए महाधिवक्ता के रूप में काम किया था.

# रेलवे में २ लाख ५० हजार पद रिक्त



**मुंबई** : आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्र की भाजपा सरकार ने रेलवे भर्ती की सुरसुरी छोड़ी है। लोकसभा में रेलवे में रिक्त पदों के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वीकार किया कि ढाई लाख पद रिक्त हैं। देश में बेरोजगारी का मुददा गंभीर है। ऐसे वक्त में प्रशासन द्वारा रेलवे में भर्ती का शिगूफा छोड़कर युवाओं को प्रभावित करने का प्रयास एक सोची समझी रणनीति के तहत केंद्र सरकार की ओर से किया जा रहा है। संसद में रेल मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया, रेलवे विभाग में करीब २ लाख ५० हजार पद रिक्त हैं, जिसमें सब से ज्यादा नौकरियां सुरक्षा विभाग में उपलब्ध है। इन रिक्त पदों को भरने के लिए प्रशासन ने उम्मीदवारों का चयन शुरू कर दिया है।

लोकसभा में पूछे गए सवाल का उत्तर देते हुए रेल मंत्री ने हाल की परिस्थिति बताते हुए कहा, १ जुलाई २०२३ तक कुल २,६३,९१३ पद रिक्त पाए गए हैं। जिसमें से ३० जून २०२३ तक १,३६,७७३ उम्मीदवारों का चयन किया गया है, जिसमें से १,११,७२ रेलवे सुरक्षा के है। मंत्री के अनुसार इन उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दे कर, उन्हें तैयार किया जाएगा, जिसके बाद उनकी नियुक्ति की जाएगी। इस कार्य में करीब एक से डेढ़ साल का समय लगेगा। रेल मंत्री ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि कुल २,६३,९१३ पद रिक्त हैं, जिसमें २,६१,२३३ अराजपत्रित वर्ग में और २,६८० राजपत्रित वर्ग में विभाजित हैं। सब से ज्यादा ३२,४६८ पद उत्तर रेलवे में रिक्त हैं, जिसके बाद, पूर्व रेलवे में २९,८६९ पद रिक्त हैं, पश्चिम रेलवे में २५,५९७ और मध्य रेल्वे में कुल २५,२८१ पद रिक्त हैं। मार्च २०१९ में, रेलवे द्वारा खाली पदों को भरने की घोषणा की गई थी, जिसे कोरोना महामारी के कारण टाल दिया गया था।

# आम जनता को महंगाई का एक और तोहफा, लैपटॉप और कंप्यूटर हो जाएंगे महंगे



**मुंबई** : केंद्र सरकार ने आम जनता को महंगाई का एक और तोहफा दिया है। आनेवाले दिनों में देश में लैपटॉप और कंप्यूटर महंगे हो जाएंगे। इनकी कीमतें ५ से १५ हजार रुपए तक बढ़ जाएंगी। असल में इसका कारण सरकार का एक अपरिपक्व निर्णय है, जिसके तहत मोदी सरकार ने लैपटॉप और कंप्यूटर के आयात पर अचानक रोक लगा दी है।

बताया जा रहा है कि देश में 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाया गया है। पर लोगों का मानना है कि जब देश में कंप्यूटर के पुर्जे बनते ही नहीं हैं तो 'मेक इन इंडिया' का सवाल ही नहीं है। जानकारों को इस निर्णय के पीछे फेवरिज्म का डर लग रहा है। उनका कहना है कि हो सकता है कि सरकार अपने किसी चहेते का फेवर कर रही हो और आनेवाले दिनों में उसे इस क्षेत्र में कंप्यूटर और लैपटॉप बनाने के लाइसेंस समेत अन्य सुविधाएं दे दी जाएं। मगर तब तक बाजार पर इसका असर पड़ेगा और देश में लैपटॉप व कंप्यूटर उपकरणों की भारी किल्लत पैदा हो सकती है, जिससे इसकी कीमतें बढ़ेंगी। बता दें कि पूर्व में सरकार नोटबंदी व जीएसटी जैसे अपरिपक्व निर्णय ले चुकी है, जिसका आम आदमी पर काफी बुरा असर पड़ा है।

गौरतलब है कि सरकार ने सुरक्षा की बात कहकर यह फैसला लिया है। जानकारों का मानना है कि इसका मतलब यह हुआ कि सरकार लाइसेंसिंग व्यवस्था के तहत केवल अपने भरोसेमंद साझेदारों से ही ऐसी वस्तुओं के आयात की इजाजत देगी। वाणिज्य विभाग के अधीन आने वाले विदेश व्यापार महानिदेशालय ने इस बारे में अधिसूचना जारी कर दी है।

# मुंबई-दिल्ली के डोमेस्टिक और इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बम धमाके की आई कॉल,

## दोनों राजधानी में हड़कंप...!



मुंबई और दिल्ली के डोमेस्टिक और इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बम धमाके की खबर से दोनों राजधानियों में हड़कंप मच गया। सूत्रों ने बताया कि मुंबई पुलिस कंट्रोल को हरियाणा के उद्योग विहार, गुरुग्राम पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने फोन कर जानकारी दी की उन्हें कल दोपहर साढ़े तीन बजे के करीब एक कॉल आया, जिसमें कॉलर ने दावा किया कि 'डोमेस्टिक एयरपोर्ट और इंटरनेशनल एयरपोर्ट मुंबई और दिल्ली में आज (4.08.23) को बॉम धमाका होगा या बड़ी वारदात हो सकती है।'

**एयरपोर्ट की जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला**

इस थ्रेट कॉल के मिलने के बाद दोनों ही राजधानियों में पुलिस महकमा और दूसरी एजेंसियां काम पर लग गई और पूरे एयरपोर्ट की जांच की गई। लेकिन सघन जांच के बाद पुलिस को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस अज्ञात कॉलर की पहचान में जुटी है कि आखिर किसने यह जानकारी दी और क्यों दी।

इसको लेकर मुंबई पुलिस जोन 8 के डीसीपी दीक्षित गेड़ाम ने बताया कि इस मामले में सहार पुलिस ने अज्ञात शख़्स के खिलाफ IPC की धारा 506 (2) और 505 (1) के तहत मामला दर्ज किया है और मामले की जांच कर रहे हैं।

## पुणे एयरपोर्ट पर महिला ने दी बम की धमकी...

**वहीं इससे पहले कल महाराष्ट्र के ही पुणे एयरपोर्ट पर एक महिला ने बम की धमकी दी थी। जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई थीं। पुलिस ने बम की धमकी के बाद 72 साल की महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी नीता कृपलानी गुरुवार दोपहर पुणे एयरपोर्ट पर पहुंचीं थी। इसी दौरान चेंकिंग के दौरान बूथ पर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से कहा, हमेरे चारों तरफ बम लगा है इसके बाद नहीं हड़कंप मच गया। महिला पुलिसकर्मियों ने जब संदिग्ध महिला की सावधानी पूर्वक तलाशी ली तो पता चला कि उसने झूठ बोला है।**

# मनपा चलायेगी टीकाकरण अभियान

## बच्चों की बिमारियां रोकने के लिए सोमवार 7 अगस्त से 'विशेष मिशन इंद्रधनुष 5.0' की शुरूआत



**वसई :** टीकाकरण के संबंध में 'विशेष मिशन इंद्रधनुष 5.0' सोमवार 7 अगस्त से नगर चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से लागू किया जाएगा, टीकाकरण पंजीकरण के लिए 'यू विन ऐप' का उपयोग करने की अपील की गई है ।कोइ भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे,ताकि टीकाकरण के अभाव में बच्चों की मृत्यु या बीमारी को रोका जा सके। दिसंबर 2023 तक खसरा और रूबेला को खत्म किया जा सके। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, केंद्र सरकार ने अगस्त 2023 से 3 राउंड में सभी जिलों और नगर निगमों में 'विशेष मिशन इंद्रधनुष 5.0' शुरू किया है। इस अभियान में टीकाकरण से पूर्णतः वंचित या आंशिक टीकाकरण वाले सभी बच्चों तथा गर्भवती माताओं को खोजकर टीकाकरण किया जायेगा। इसी प्रकार, बच्चों का टीकाकरण पंजीकरण अब स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से 'यू विन ऐप' का उपयोग करके किया जाएगा। इस मोबाइल ऐप से बच्चों का टीकाकरण करवाना आसान हो जाएगा। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को लगने वाले टीकाकरण की जानकारी एक क्लिक में मिल जाएगी। इस ऐप से लाभार्थियों को मोबाइल पर ही पता चल जाएगा कि टीकाकरण अभियान कहां और कब शुरू होगा। लाभार्थियों को टीकाकरण की तारीखें मोबाइल मैसेज से ही पता चल जाएंगी।

# छात्रों को पीटनेवाला हुआ निलंबित



**ठाणे :** ठाणे के जोशी-बेडेकर और बी.एन. बांडोडकर कॉलेज में एनसीसी छात्रों की अमानवीय पिटाई के मामले में पुलिस शिकायत के बाद आरोपी के खिलाफ एनसी दर्ज की गई है। छात्रों की पिटाई करनेवाला भांडुप के एक कॉलेज का छात्र है, जो एनसीसी ट्रेनिंग देने ठाणे आता था। फिलहाल उसे निलंबित कर दिया गया है। इस मामले में पुलिस ने छात्रों, शिक्षकों, प्रिंसिपल और घटना को फिल्मान वाले छात्र से पूछताछ शुरू कर दी है। इस अमानवीय घटना का व्यापक रूप से राजनीतिक असर भी हुआ है।

बता दें कि ठाणे शहर के जोशी बेडेकर और बी. एन. बांडोडकर कॉलेज में पिछले ४० वर्षों से एनसीसी की ट्रेनिंग दी जाती है। इस ट्रेनिंग के दौरान छात्रों को प्री-मिलिट्री ट्रेनिंग का पाठ पढ़ाया जाता है। यदि विद्यार्थियों की ओर से कोई गलती होती है तो उन्हें दंडित भी किया जाता है। लेकिन इन छात्रों को अमानवीय सजा देने के संबंध में एक चौंकानेवाला वीडियो सामने आया है।

पिटाई का वीडियो २६ जुलाई का है। वीडियो बांडोडकर कॉलेज परिसर का है, जहां बारिश के पानी और कीचड़ में छात्रों की अमानवीय ढंग से पिटाई की जा रही है। वीडियो में एनसीसी के आठ-नौ छात्रों ने अपना सिर जमीन पर रखा हुआ है। वीडियो में दिख रहा है कि एक छात्र इन छात्रों की कमर के निचले हिस्से पर लकड़ी के डंडे से बेरहमी से पिटाई कर रहा है। वीडियो के वायरल होने के बाद अभिभावकों में तीव्र नाराजगी व्याप्त है।

# नालासोपारा के प्रगति नगर में युवक पर हमला



**नालासोपारा :** अपराध का गढ़ कहे जाने वाले नालासोपारा में एक बार फिर एक बड़ी आपराधिक घटना घटी. जहां नशे का गढ़ कहे जाने वाले व नाइजीरियनों का बसेरा कहे जाने वाले प्रगति नगर में दो पक्षो में मुहर्रम के संदल को लेकर विवाद हुआ था, विवाद शांत भी हो गया था किन्तु फिर न जाने एसा क्या हुआ की उसी विवाद को लेकर प्रगति नगर में देर रात एक युवक को घेर कर तलवारों से वार कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया गया, वही इस मामले में तुलिंज पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस नितिक्षक शैलेन्द्र नगरकर ने पूरी जानकारी दी तथा कहा की ये विवाद दो पक्षों में मुहर्रम के संदल को लेकर हुआ था .

वही इस मामले में इसैन अब्दुल रहमान सेख नामक व्यक्ति की हालत ज्यादा खराब हो गई है जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। वही उसका कहना है की प्रगतिनगर में १०-१२ लोगो ने बाईक से आकर उस पर तलवार से हमला किया.. जिसका ३५ भी सामने आया है। हालाकि इस मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों ही पक्षों के खिलाफ गंभीर धाराओं के साथ मामला दर्ज किया है .

आप को बता दे की नालासोपारा का प्रगति नगर अक्सर विवादों में छाया रहता है कभी नशे को लेकर तो कभी नाईजिरियनो को लेकर तो कभी एसी तलवार बाजो को लेकर.वही तुलिंज पुलिस भी एसे अपराधो पर लगाम कशने हेतु अपराधियों को लोहे की हथकड़ियाँ पहनाने में भी कोई कसर नहीं छोडती .. वही अब देखना होंगा की इस मामले में आरोपी कब तक पुलिस की गिरफ्त में आते है ?

# महाराष्ट्र: पालघर में पानी से भरी खदान में गेंद निकालने गया किशोर डूबा

**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले के विरार इलाके में क्रिकेट मैच के दौरान पानी से भरी खदान में गेंद निकालने गया 17 वर्षीय किशोर डूब गया। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार शाम को हुई। अधिकारी ने कहा, किशोर की पहचान यश सोलकर के रूप में हुई है। वह



बृहस्पतिवार शाम क्रिकेट खेलने के दौरान पानी से भरी खदान से गई गेंद को निकालने गया था। गेंद निकालने के प्रयास में वह पानी में डूब गया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे, लेकिन उसका पता नहीं लगा पाए। अधिकारी के मुताबिक, इसके बाद राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) को बुलाया गया, जिसके जवानों ने किशोर का शव बरामद कर लिया। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजते हुए दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है।




# मुंबई में भी रायगढ़ जैसे लैंडस्लाइड का खतरा!

## अवैध निर्माण से खिसक रहीं पहाड़ियां, बीएमसी की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा...

**मुंबई:** महानगर में बारिश के दौरान लैंडस्लाइड की घटना हर साल सामने आती है। इसमें बड़े पैमाने पर जन-धन की हानि होती है। कई लोग घायल होते हैं और कइयों की जान चली जाती है। लैंडस्लाइड की समस्या से निपटने के लिए बीएमसी व अन्य एजेंसियां पिछले कई साल से प्रयास कर रही हैं, लेकिन अब तक पूरी तरह से सफल नहीं हो पा रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में चेंबूर, भांडुप, मालाड, विक्रोली, घाटकोपर, अंधेरी, वडाला सहित मुंबई के अन्य हिस्सों में लैंडस्लाइड की घटना सामने आई है। इन घटनाओं को रोकने के लिए बीएमसी, म्हाडा और पीडब्ल्यूडी विभाग के जरिए सुरक्षा दीवार बनवाने का काम कर रही है। हालांकि, पिछली कुछ घटनाओं के



बाद बीएमसी ने जब सर्वे किया, तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। सर्वे में यह बात सामने आई कि मुंबई में भूस्खलन इसलिए हो रहा है, क्योंकि पहाड़ी इलाकों में रहने वाले नागरिकों ने पहाड़ियों पर जल निकासी के होल और नालियों को अवैध निर्माण कर बंद कर दिया था।

साथ ही, सुरक्षा दीवार से सटा कर अवैध निर्माण किया गया था। इससे बारिश के दौरान सुरक्षा दीवार के पास जलजमाव हुआ और पहाड़ी के दबाव के कारण लैंडस्लाइड हो गया। लैंडस्लाइड के दौरान मिट्टी और पत्थर के साथ पेड़ भी गिरे, जिससे काफी नुकसान हुआ। कुछ साल पहले चेंबूर और विक्रोली में लैंडस्लाइड की घटना में उक्त वजहें स्पष्ट हुईं। इसीलिए लोगों को पहाड़ियों की ढलान पर जल निकासी के होल और नालियों को भरने से बचने की अपील लगातार की जाती रही हैं।

**नागरिकों को सतर्क रहने की जरूरत**

बीएमसी के अतिरिक्ति आयुक्त सुधाकर शिंदे ने कहा कि बीएमसी ने ऐहतियाती कदम तो उठाए हैं, लेकिन ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए नागरिकों को सतर्क रहने की जरूरत है। आईआईटी मुंबई ने वर्ष 2014-15 में मुंबई के पहाड़ी क्षेत्रों का अध्ययन किया था, जहां पहाड़ी खिसकने की आशंका है।

# सभागृह में आशीष शेलार और भास्कर जाधव के बीच जमकर विवाद

**मुंबई :** माथाड़ी कामगार, निजी सुरक्षारक्षक संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान सभागृह में भाजपा विधायक आशीष शेलार और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के विधायक भास्कर जाधव के बीच जमकर विवाद हुआ। विधानसभा में तुम्हारी पार्टी कहां है? ऐसा सवाल शेलार द्वारा किए जाने पर भास्कर जाधव भड़क गए और कहा कि मूल शिवसेना हमारी है, शिवसेना हो या राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी हो, इसे विभिन्न माध्यमों से समाप्त किए जाने का काम किया जा रहा है, ऐसा मुंहतोड़ जवाब भास्कर जाधव ने भाजपा को दिया। उक्त विधेयक संयुक्त समिति के पास भेजने का प्रस्ताव सदन में पेश किया गया। इसके लिए २१ सदस्यों की समिति की नियुक्ति की गई। इस समिति में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी को प्रतिनिधित्व न दिए जाने पर



भास्कर जाधव ने आपत्ति दर्ज कराई। विधि मंडल समिति में सत्ताधारी दल के कितने सदस्य होंगे, विपक्ष के कितने सदस्य होंगे, यह तय है, समिति में हमारी पार्टी का एक भी सदस्य नहीं है। विधान परिषद से केवल सचिन अहिर को समिति में लिया गया है। विधानसभा का एक सदस्य नहीं है, इस संदर्भ में जानकारी देने की मांग जाधव ने सदन में की। इस पर विधान मंडल में आपकी पार्टी कहां है? आपकी पार्टी को मान्यता है क्या? पार्टी का गट नेता, प्रतोद आपने नियुक्त किया है क्या? आशीष शेलार के उक्त सवाल पर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के विधायक भास्कर जाधव भड़क गए और शेलार की जमकर खिंचाई की। चुनाव आयोग ने क्या निर्णय दिया है, उसका यहां कोई संबंध नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया है कि मुख्य प्रतोद सुनील प्रभु हैं। भरत गोगावले नहीं हैं। सर्वोच्च न्यायालय से चुनाव आयोग बड़ा है क्या? सर्वोच्च न्यायालय की अपेक्षा आशीष शेलार बड़े नहीं हैं। शिवसेना, राष्ट्रवादी सहित पूरे लोकतंत्र को समाप्त करने का काम चल रहा है, ऐसे शब्दों में भास्कर जाधव ने खिंचाई की।

# कुर्ला के रामेश्वर मंदिर में चोरी



**मुंबई :** कुर्ला-पश्चिम के कमानी स्थित रामेश्वर मंदिर में अज्ञात चोरों ने गुरुवार देर रात चोरी की। चोरी करने के लिए चोरों ने मंदिर का गेट तोड़ा और मंदिर में प्रवेश किया। मंदिर में रखी दानपेटी को चुरा ले गए और भगवान विट्ठल तथा रुक्मणी जी के चांदी के मुकुट भी चुरा ले गए। इसके अलावा भगवान भोलेनाथ का त्रिशूल और बजरंगबली का गदा भी चोर उठा ले गए। सावन के पवित्र महीने में हुई इस चोरी से कुर्ला क्षेत्र के नागरिकों में पुलिस के प्रति गहरा असंतोष फैला हुआ है। क्योंकि विनोबा भावे नगर पुलिस अभी तक इस मामले को सुलझा नहीं पाई है, जबकि दोनों चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हैं। यह मंदिर करीब २०० वर्ष पुराना है। मंदिर के व्यवस्थापक सुरेश भाऊ भोगले ने बताया कि मंदिर में चोरी होना कलयुग की पराकाष्ठा है।

# 8 माह बीत जाने पर भी छात्रों की समस्या का निराकरण नहीं



**मुंबई :** मुंबई विद्यापीठ को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में गिना जाता है परंतु यहां के कुछ अभ्यासक्रमों के परीक्षा परिणाम घोषित करने के सिस्टम में त्रुटि होने के कारण विद्यार्थियों को अनगिनत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि जनवरी २०२३ में एमए (हिंदी) प्रथम वर्ष की परीक्षा हुई थी। इस परीक्षा के परिणाम ऑनलाइन घोषित हुए थे जिसमें सिस्टम पर दो ही विषयों के परिणाम आए हैं और दो विषयों, भाषा विज्ञान और प्राचीन मध्यकालीन काव्य के परिणामों में सिस्टम टेक्नीकल एरर दिखा रहा है। लगभग ८ माह बीत जाने पर भी छात्रों की समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है।

घाटकोपर, अंधेरी, चेंबूर और वसई परीक्षा केंद्रों के छात्रछात्राओं ने मुंबई विद्यापीठ के परीक्षा और मूल्यमापन मंडल के संचालक को लिखित में मामले से अवगत कराया। जिसके बाद छात्रों को जल्द परिणाम घोषित करने का आश्वासन दिया गया। छात्रों ने आरोप लगाया है कि परीक्षा केंद्रों पर सीटिंग अरेंजमेंट को लेकर भी भारी अव्यवस्था होती है जहां छात्रों को घंटो खड़ा रखा जाता है। यदि मुंबई विद्यापीठ में परीक्षा और परीक्षा परिणाम में इतनी अनियमितता और विलंब होगा तो छात्रों का भविष्य अधर में लटक जाएगा।

# एक बार फिर राज्य में भारी बारिश का अनुमान, कई जिलों के लिए यलो अलर्ट

**मुंबई :** महाराष्ट्र में जून महीने में बारिश की अनुपस्थिति ने जनता व खासकर किसानों को चिंता में डाल दिया था। हालांकि, जुलाई के अंत तक राज्य में भारी बारिश हुई। इसके चलते कई जिलों में स्थित नदियों और नालों में बाढ़ आ गई। इससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इस बीच कुछ दिनों के ब्रेक के बाद एक बार फिर राज्य में भारी बारिश का अनुमान है। इसी पृष्ठभूमि में मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। आईएमडी मुंबई



के मुताबिक, कल कई इलाकों में यलो अलर्ट रहेगा, जबकि पुणे, सतारा, गोंदिया और भंडारा के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसलिए इन इलाके में भारी बारिश होगी। वहीं अन्य इलाकों में छिटपुट जगहों पर बारिश की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, कोल्हापुर, सिंधुदुर्ग, रत्नागिरी, रायगड, ठाणे, पालघर, नासिक, नंदुरबार, जलगांव, छत्रपति संभाजीनगर, जालना, परभणी, हिंगोली, नांदेड़, अमरावती, वर्धा, नागपुर, चंद्रपुर और गढ़चिरौली जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। इसलिए इन पूरे जिलों में भारी बारिश देखने को मिलेगी। हालांकि नगर, बीड, धाराशिव, लातूर, सोलापुर, सांगली, अमरावती, बुलढाणा, वाशिम, यवतमाल में मौसम विभाग की ओर से कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

# टीवी का डिश एंटीना को सीधा करने गये 14 वर्षीय लड़के की गिरकर मौत

**वसई :** टीवी डिश एंटीना को सीधा करने के लिए एक इमारत की छत पर जाने के बाद एक 14 वर्षीय लड़के की गिरकर मौत हो गई। हादसा गुरुवार दोपहर नालासोपारा पूर्व के नागरीदास पाडा के शिवम नगर में हुआ। इस हादसे में मरने वाले लड़के का नाम आदर्श मिश्रा है।साईं सृष्टि हाइट्स नालासोपारा पूर्व के मोरेगांव में शिवम नगर में एक 8 मंजिला इमारत है। इस बिल्डिंग की 5वीं मंजिल पर मिश्रा परिवार रहता है। मिश्रा दंपत्ति उत्तर प्रदेश के एक गांव में गये थे।उनके दोनों बच्चे आदर्श मिश्रा और आरती मिश्रा घर पर अकेले रहते थे। गुरुवार की दोपहर दोनों भाई-बहन घर में टीवी देख रहे थे।चूंकि टीवी का प्रसारण ठीक से नहीं दिख रहा था,इसलिए आदर्श डिश एंटीना को सीधा करने के लिए इमारत की छत पर गया था।




# ‘मुंबई पुलिस इतनी असंवेदनशील कैसे हो सकती है’, गैंगरेप के आरोपियों को क्लीन चिट से नाराज बॉम्बे हाई कोर्ट

## आदेश की प्रति राज्य पुलिस महानिदेशक व राज्य महिला आयोग अध्यक्ष को भेजने का निर्देश दिया

**मुंबई:** गैंगरेप जैसे गंभीर आरोपों का सामना कर रहे आरोपियों को क्लीन चिट देने से स्तब्ध बॉम्बे हाई कोर्ट ने मुंबई पुलिस कमिश्नर को आईपीएस कैडर के अधिकारी को नियुक्त करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह अधिकारी न सिर्फ केस की जांच को आगे बढ़ाएगा, बल्कि पूर्व जांच अधिकारी की भूमिका की भी जांच करेगा। जांच में बरती गई लापरवाही से नाराज कोर्ट ने कहा कि पुलिस कितनी असंवेदनशील हो सकती है, मौजूदा मामला इसका आदर्श उदाहरण है। कोर्ट ने रजिस्ट्रार (न्यायिक) को इस आदेश की प्रति राज्य पुलिस महानिदेशक व राज्य महिला आयोग अध्यक्ष को भेजने का निर्देश दिया है, ताकि वे सुधार के लिए जरूरी कदम उठाएं। अक्सर 376 के ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जिसमें पुलिस पुलिस बिना सोचे-समझे फाइनल रिपोर्ट दायर कर देती है। कोर्ट अब इस मामले में 25 अगस्त को सुनवाई करेगी।

**पुलिस की ‘बी समरी’ रिपोर्ट पर हैरानी**

जस्टिस अजय गडकरी और जस्टिस शिवकुमार दिगे की बेंच ने कहा कि आईपीसी की धारा 376 डी (गैंग रेप) जैसे जघन्य अपराध की जांच बेहद गैर



जिम्मेदाराना ढंग से की गई है। पुलिस अधिकारी ने हलफनामे में कहा है कि उसे इस मामले में कोई स्वतंत्र गवाह नहीं मिला है। ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस ने केस को खत्म करने के लिए ‘बी समरी’ रिपोर्ट दायर की है।

आम तौर पर किसी भी केस में यह रिपोर्ट तब दायर की जाती है, जब पुलिस को जांच करने पर आरोप झूठे व आधारहीन मिलते हैं या फिर आरोपी के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिलता है। बेंच ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि यौन उत्पीड़न व हमले में पीड़िता के पास कोई गवाह नहीं होता है। इसलिए पीड़ित महिला या नाबालिग की शिकायत को संदेह के लेंस से देखने की बजाय सहयोग के नजरिए से देखना चाहिए।

### पीड़िता को धमकी देकर आरोपियों ने किया गैंग रेप...

**बता दें कि पीड़िता की आपत्तिजनक तस्वीरों को सकुर्लेट करने की धमकी देकर यौन शोषण करने एवं पीड़िता के भाई से 10 लाख रुपये मांगने के मामले में चार आरोपियों के खिलाफ 31 दिसंबर 2021 को निर्मल नगर पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 376-डी, 385, 420 और 34 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। इसमें से एक आरोपी ने पीड़िता की आपत्तिजनक तस्वीरों को उसके भावी पति को दिखा दिया, जिससे उसकी शादी टूट गई। आरोपियों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर केस रद्द करने की मांग की। आरोपियों के मुताबिक, पीड़िता ने केस रद्द करने के लिए अपनी सहमति दिखाई है। हालांकि कोर्ट ने कहा कि इसके संकेत मिल रहे हैं कि आरोपियों ने पीड़िता को धमका कर और दबाव बनाकर उसकी सहमति हासिल की है।**

---

# मानव दूध के दान में 25 से 60 फीसदी की वृद्धि,

## मनपा संचालित अस्पतालों में मानव दूध बैंक को स्तनपान कराने वाली माताओं का योगदान



**मुंबई :** मुंबई में मनपा संचालित अस्पतालों में मानव दूध बैंक को स्तनपान कराने वाली माताओं का भरपूर योगदान मिल रहा है। इसके कारण कोविड काल में जो बैंक मानव दूध की किल्लत से जूझ रहे थे, उनमें अब दान में मिलनेवाले मानव दूध की बाढ़ आ गई है। आंकड़ों के अनुसार, नायर, सायन और राजावाड़ी अस्पतालों में स्थित तीन मानव दूध बैंकों में २०२० और २०२१ महामारी वर्षों की तुलना में २०२२ में दान में वृद्धि देखी गई है। बताया गया है कि मानव दूध के दान में २५ से ६० फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले वर्ष दूध दान में २५ फीसदी की वृद्धि देखी गई। इसके बाद स्टॉक का उपयोग जरूरतमंद बच्चों के लिए किया गया, जिससे सालाना लगभग ३,००० से ५,००० शिशुओं को लाभ हुआ। एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी के मुताबिक, वर्ष २०१९ में ८८० लीटर दूध दान किया गया था, जो २०२० में घटकर ५२६ लीटर हो गया। हालांकि, वर्ष २०२१ में दान में ६३२ लीटर दूध का दान हुआ, जो वर्ष २०२२ में बढ़कर ७९० लीटर तक पहुंच गया। नायर अस्पताल में वर्ष २०२२ में दूध दान में ६० फीसदी की वृद्धि देखी गई। ज्ञात हो कि साल २०१८ में स्थापित दूध बैंक को शुरूआत में २१७ लीटर दूध प्राप्त हुआ था, वहीं पिछले महामारी के दौरान ५० फीसदी की गिरावट के बाद २७५ लीटर दूध हो गया।

कोविड-१९ महामारी के चरम के दौरान स्तनपान करानेवाली माताओं के योगदान में गिरावट के कारण मानव दूध बैंकों को चुनौतियों का सामना करना पड़ा। हालांकि मनपा की जागरूकता, पहल और प्रयासों ने बड़ी संख्या में ऐसी माताओं को आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया है। राजावाड़ी अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विद्या ठाकुर के मुताबिक, दानकर्ता दो खंडों में विभाजित हैं। पहली श्रेणी में ऐसी माताएं हैं, जो अस्पताल में प्रसव कराती हैं और छुट्टी मिलने से पहले दान करती हैं। दूसरी श्रेणी में वे माताएं शामिल हैं, जो फॉलो-अप या टीकाकरण के लिए अपने नवजात शिशुओं के साथ ओपीडी में आती हैं।

---

# प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महाराष्ट्र और केरल में मारे छापे

## 12 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति के दस्तावेज बरामद, जानें पूरा मामला...

**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि कुवैती सरकार के लिए भारतीय नर्सों की भर्ती में कथित ठगी से जुड़े मामले में धन शोधन की जांच के तहत महाराष्ट्र और केरल में की छापेमारी की गई। छापेमारी की शुरूआत बृहस्पतिवार को की गई। इसके तहत मुंबई स्थित मैथ्यू इंटरनेशनल के मालिक पुथेनवीटिल जोसेफ मैथ्यू उर्फ पी जे मैथ्यू के आवासीय परिसर और दोनों राज्यों में स्थित कई अन्य व्यावसायिक और आवासीय परिसर पर छापेमारी की गई।





एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज यह मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी पर आधारित है जिसे आपराधिक गतिविधियों में शामिल होकर प्रवासियों से ‘अवैध रूप से और बेईमानी पूर्वक करोड़ों रुपये एकत्र करने के संबंध में दर्ज किया गया था। पीजे मैथ्यू ने अपने बेटे थॉमस मैथ्यू उर्फ टॉम मैथ्यू के साथ मोहम्मद नैना प्रभु के साथ मिलकर वर्ष 2015 में कुवैती मंत्रालय में नर्सों की भर्ती के लिए धोखाधड़ी करके हासिल किये गए लाइसेंस का इस्तेमाल करके एक आपराधिक साजिश रची। प्रभु मुंबई स्थित मुनावारा एसोसिएट्स का मालिक है और इस कंपनी ने यह लाइसेंस भारत सरकार से हासिल किया था। आरोप है कि पी जे मैथ्यू ने इन नर्सों की भर्ती के लिए कुवैत स्थित जेजान इंटरनेशनल और अल-अमारकंपनी से मांग और मंजूरी पत्रों को मुनावारा एसोसिएट्स के नाम पर हासिल किया। ईडी ने आरोप लगाया कि इसके बाद कोच्चि का तत्कालीन प्रवासी संरक्षक एडाल्फस भी साजिश में शामिल हो गया। एजेंसी ने कहा कि आरोपी ने कोच्चि में प्रत्येक आवेदक से भारी सेवा शुल्क (करीब 20 लाख रुपये) लेकर नर्सों की भर्ती की, जबकि सेवा शुल्क की अधिकतम राशि 20 हजार रुपये तक सीमित है। ईडी ने कहा कि पीजे मैथ्यू और उनके सहयोगियों ने नर्सिंग प्रवासियों से ‘ठगी और अपराध के जरिये 205.71 करोड़ रुपये की कमाई की।

# मणिपुर के बिष्णुपुर में हिंसक झड़प, 17 लोग हो गए घायल

- **मैतेई समुदाय ने सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया, जवाब में असम राइफल्स ने हवाई फायरिंग की**





**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच जारी हिंसा को 3 अगस्त को 3 महीने पूरे हो गए। बिष्णुपुर जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों और मैतेई समुदाय के बीच हिंसक झड़प हुई। स्थिति को संभालने के लिए सुरक्षाबलों ने हवाई फायरिंग की और आंसू गैस के गोले छोड़े। जिसमें 17 लोग घायल हो गए। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, बिष्णुपुर में मैतेई समुदाय की महिलाओं ने बफर जोन को पार करने का प्रयास किया। असम राइफल्स ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इस पर महिलाएं सुरक्षाबलों पर पथराव करने लगीं। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षाबलों ने हवाई फायरिंग और आंसू गैस के गोले छोड़े। झड़प के बाद इंफाल और पश्चिमी इंफाल में कर्फ्यू में दी गई ढील वापस ले ली गई। मणिपुर हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। कई लोगों के शव इंफाल और चूराचांदपुर के अस्पतालों की मॉर्चुरी में रखे हैं। गुरुवार को चूराचांदपुर में कुकी समुदाय के 35 लोगों के शवों को सामूहिक रूप से दफनाया जाना था लेकिन, गृह मंत्रालय से बातचीत के बाद इस फैसला टाल दिया गया। कुकी-जो समुदाय के संगठन इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम के मुताबिक, चूराचांदपुर जिले के लम्का शहर के तुईबोंग शांति मैदान में शवों को दफनाने का कार्यक्रम होना था। मणिपुर हाईकोर्ट ने इस जगह पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है।

# राजस्थान में नाबालिग को भट्टी में जलाया

## गैंगरेप की आशंका

- **चांदी के कड़े से पहचान, बॉडी के टुकड़े मिले ; खेत पर जाने के लिए निकली थी**



**भीलवाड़ा (एजेंसी)।** राजस्थान के भीलवाड़ा में 14 साल की नाबालिग को कोयला भट्टी में जला दिया गया। आशंका जताई जा रही है कि इससे पहले उसके साथ गैंगरेप भी हुआ था। मामला जिले के कोटड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार रात 10 बजे का है। घटना की जानकारी मिलने के बाद 4 थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। इस मामले में 3 आरोपियों को हिरासत में भी लिया गया है। नाबालिग के बड़े भाई ने बताया कि बुधवार सुबह 8 बजे उसकी छोटी बहन बकरियां लेकर घर से निकली थी। शाम को करीब 3 बजे बकरियां घर लौट आई, लेकिन बहन घर नहीं आई। उसके बाद परिवार के लोगों ने उसे ढूंढना शुरू कर दिया। गांव में सभी रिश्तेदारों के घर व खेत पर ढूंढ़ा पर वह नहीं मिली। रात करीब 8 बजे परिवार के लोगों व ग्रामीणों ने नाबालिग को फिर से ढूंढ़ना शुरू किया। इसी दौरान करीब 10 बजे गांव के बाहर कालबेलियों के डेरे में कोयला बनाने की एक भट्टी जल रही थी। बारिश के समय यह भट्टी नहीं जलाई जाती है। शक होने के बाद भट्टी के पास जाकर देखा गया। वहां लापता बहन के जूते मिले। साथ ही आग में बहन का पहना हुआ चांदी का कड़ा और हड्डी के टुकड़े भी मिले। ग्रामीणों ने रात में ही कुछ कालबेलिया लोगों को पकड़ लिया था।

# राजस्थान में नाबालिग को भट्टी में जलाया, गैंगरेप की आशंका

### *चांदी के कड़े से पहचान, बॉडी के टुकड़े मिले, खेत पर जाने के लिए निकली थी*



**भीलवाड़ा।** राजस्थान के भीलवाड़ा में 14 साल की नाबालिग को कोयला भट्टी में जला दिया गया। आशंका जताई जा रही है कि इससे पहले उसके साथ गैंगरेप भी हुआ था। मामला जिले के कोटड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार रात 10 बजे का है। घटना की जानकारी मिलने के बाद 4 थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। इस मामले में 3 आरोपियों को हिरासत में भी लिया गया है।

नाबालिग के बड़े भाई ने बताया कि बुधवार सुबह 8 बजे उसकी छोटी बहन बकरियां लेकर घर से निकली थी। शाम को करीब 3 बजे बकरियां घर लौट आई, लेकिन बहन घर नहीं आई। उसके बाद परिवार के लोगों ने उसे ढूंढना शुरू कर दिया। गांव में सभी रिश्तेदारों के घर व खेत पर ढूंढ़ा पर वह नहीं मिली।

रात करीब 8 बजे परिवार के लोगों व ग्रामीणों ने नाबालिग को फिर से ढूंढ़ना शुरू किया। इसी दौरान करीब 10 बजे गांव के बाहर कालबेलियों के डेरे में कोयला बनाने की एक भट्टी जल रही थी। बारिश के समय यह भट्टी नहीं जलाई जाती है। शक होने के बाद भट्टी के पास जाकर देखा गया। वहां लापता बहन के जूते मिले। साथ ही आग में बहन का पहना हुआ चांदी का कड़ा और हड्डी के टुकड़े भी मिले। ग्रामीणों ने रात में ही कुछ कालबेलिया लोगों को पकड़ लिया था। इन्हें पुलिस थाने ले गई है।

# सांसदों को प्रधानमंत्री का 'विजय मंत्र' विपक्ष भड़काएगा, लेकिन भड़कना नहीं हैः मोदी



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अगले साल जीत की हैट्रिक लगाने के उद्देश्य से तैयारियों को तेज कर दिया है। 2024 के चुनावों से पहले खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ताधारी सांसदों से एक-एक कर मुलाकात कर रहे हैं। पीएम मोदी ने सांसदों को 'जीत के मंत्रों' की एक लिस्ट दी है। इसमें से एक मंत्र यह है कि सत्ता पक्ष के सांसदों को विपक्ष के उकसावे की स्थिति में भी अपने भाषण पर संयम रखना है।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सांसदों के छोटे समूहों के साथ अपनी बैठकें जारी रखते हुए, प्रधानमंत्री ने कल विभिन्न राज्यों के 45 से अधिक संसद सदस्यों के एक समूह को संबोधित किया। उन्होंने सांसदों से गरीबों के लिए काम करने का आग्रह किया और मुफ्त की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विपक्ष पर भी हमला बोला।

एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, चुनाव में गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए सांसद क्या कर सकते हैं, इस पर जोर देते हुए पीएम मोदी ने उनसे अपने भाषण में संयम बरतने का आह्वान किया। बीजेपी के एक सूत्र ने पीएम के हवाले से कहा, विपक्ष भड़काएगा, लेकिन अपने भाषण पर नियंत्रण रखें ताकि विवाद की कोई संभावना न हो।

उन्होंने सांसदों से तथ्यों के आधार पर नवगठित विपक्षी गठबंधन, भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन (INDIA) का सामना करने और दक्षिण भारत के राज्यों पर अपना ध्यान बढ़ाने के लिए कहा, जहां अतीत में एनडीए ने उतनी सीटें नहीं जीती हैं जितनी उसे उम्मीद थी। प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा किए गए कार्यों को बढ़ावा देने और प्रचार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सांसदों से अपने-अपने लोकसभा क्षेत्रों में लोगों से संपर्क बढ़ाते हुए गरीबों और समाज के सभी वर्गों के लिए काम करने को कहा।

## लैपटॉप, टैबलेट, कंप्यूटर के आयात पर लगी रोक, सरकार का बड़ा फैसला



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े आइटम्स पर बड़ा फैसला लिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (DGFT) के मुताबिक सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट, कंप्यूटर के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह फैसला ऐसे समय पर लिया गया है जब सरकार मेक इन इंडिया पर जोर दे रही है। मंत्रालय ने कहा कि यह प्रतिबंध समय-समय पर संशोधित बैगेज नियमों के तहत आयात पर लागू नहीं होगा। हालांकि, आरएंडी और पर्सनल यूज आदि के मकसद से प्रति खेप 20 आइटम को छूट दी जाएगी। इन आयातों को केवल इस आधार पर अनुमति दी जाएगी कि उनका उपयोग उक्त उद्देश्यों के लिए किया जाएगा और बेचा नहीं जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि एक बार उद्देश्य पूरा हो जाने पर फिर से निर्यात किया जाएगा। नोटिफिकेशन के मुताबिक- ।रस्ह 8741 के तहत आने वाले लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर और अल्ट्रा स्मॉल फॉर्म फैक्टर कंप्यूटर और सर्वर का आयात 'प्रतिबंधित' होगा। इसके आयात को प्रतिबंधित आयात के लिए वैध लाइसेंस के खिलाफ अनुमति दी जाएगी। यह प्रतिबंध सामान नियमों के तहत आयात पर लागू नहीं होगा। बीते मई महीने आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई ने अपनी एक रिपोर्ट जारी की थी।

## शासकीय अस्पताल में महिला चिकित्सक से मारपीट

**रहली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना ककरी मौहार में मरीज के साथ और परिजन द्वारा अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी जिसकी रिपॉर्ट महिला चिकित्सक अनामिका विश्वास पिता रविन्द्र नाथ विश्वाग उम्र 34 साल द्वारा पुलिस थाने में की गई थाना प्रभारी रोहित मिश्रा ने बताया की महिला चिकित्सक के अनुसार सुबह करीब 10.00 बजे सीएचसी रहली में ड्यूटी पर थी कि समय करीब 10.15 बजे की बात है, वार्ड नं. 15 का गगन पिता भगवानदास बसल अपने अन्य परिजन के साथ अपनी माँ गीता पति भगवान दास उम्र 52 साल नि. वार्ड नं. 15 मोहार रहली को मृत अवस्था में लेकर सीएचसी रहली आया था, जिसके निरीक्षण में पाया कि उसकी नाडी नहीं चल रही है, स्वास नही ले रही है, और बी.पी. रिकार्ड करने यांना नहीं है. पुतलिया भी उसकी फैल गयी उसके उपरांत मैने श्रीमति गीता बंसल को मृत घोषित किया जिसके पश्चात उसका लड़का गगन बंसल गुस्से में आकर शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए मुझसे अभद्र भाषा का प्रयोग कर गंदी गंदी गालियाँ देने लगा, मैने उसे गाली देने से मना किया तो गगन ने मुझे गर्दन में एक मुका मार दिया, मुझे बचाने मेरा स्टाफ नार्सिंग आफिसर पूनम वायकर, वार्डवाय अभिषेक आये तो गगन उनको भी गालियां देने लगा मौके पर अन्य स्टाफ साधना वाल्मीक, अमन विगारी थे जिन्हौंने घटना देवी सुनी व बीच बचाव किया, घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रभारी डाक्टर बसंत नेमा,डाक्टर संदीप असाठी मौके पर पहुंचे और पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया।पुलिस द्वारा शासकीय कार्य में बाधा सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।

# भाजपा कार्यकर्ता अगर ठान लें तो पत्थर से पानी निकाल सकते हैं: प्रहलाद पटेल

### केन्द्रीय मंत्री ने बंडा एवं देवरी विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित



**सागर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में वह सामर्थ्य है कि अगर वह ठान लें तो पत्थर से भी पानी निकाल सकते हैं। आज हम सभी कार्यकर्ताओं को बंडा और देवरी विधानसभाओं के साथ-साथ पूरे प्रदेश में ऐतिहासिक जीत हासिल करने का संकल्प लेना है। हमें हर सीट पर जीत हासिल करना है, ताकि लोकसभा के साथ-साथ राज्यसभा में भी हमारा बहुमत रहे और हमारी सरकार धारा 370 हटाने जैसे बड़े फैसले ले सके। इसके लिए हम सभी को परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए आगामी चुनाव में जुटना होगा। यह बात केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने गुरूवार को जिले की बंडा और देवरी विधानसभा में आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

#### हमारे विचार के खिलाफ एकजुट हो रहे विपक्ष

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उस विचार के लिए काम करते हैं, जिसे हराने के लिए आज दुश्मन भी एकसाथ आ रहे हैं। पहले सरकार बनाने के लिए कई दल मिलकर गठबंधन बनाते थे, लेकिन अब गठबंधन का विपक्ष बन रहा है। पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का विचार आज देश और दुनिया में नई ऊंचाइयों को छू रहा है, जिसका मुकाबला करने की क्षमता इन दलों में नहीं है। पटेल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों ने गरीब कल्याण की अनेक योजनाएं लागू की हैं, इन योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता प्रयास करें और उन्हें पार्टी से जोड़ें।

जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने संबोधित करते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी की सरकार आज देश और प्रदेश में अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए कार्य कर रही हैं हमारी सरकार की योजनाओं के लाभ से कोई वंचित न रह जाए इसकी जिम्मेदारी हम सभी कार्यकर्ताओं की है साथ ही साथ हमें यह भी सुनिश्चित करना है कि हमारी सरकार के द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी जन जन तक पहुंचे क्योंकि चुनाव का समय है विपदलों के लोग आम जनों को बहकाने का प्रयास करेंगे इसलिए हम सभी को पूरी सक्रियता और सजगता के साथ आगामी चुनाव में ऐतिहासिक विजय के संकल्प के साथ कार्य में जुटना होगा साथ ही हम सभी को सामुहिक प्रयासों से क्षेत्र के नव मतदाताओं को पार्टी से जोड़ना हैं।

सम्मेलन में अतिथियों का स्वागत पूर्व विधायक हरवंशसिंह राठौर ने किया एवं संचालन मंडल अध्यक्ष विवेक मिश्रा ने किया। आभार प्रदर्शन विधानसभा संयोजक मंगलसिंह दादाजी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जाहर सिंह जी,सुधीर यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिराम सिंह, लक्ष्मण सिंह, निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष यश अग्रवाल जी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष तृप्ति बाबू सिंह जी, महेंद्र जैन, रंझोर सिंह बुंदेला, जनपद अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव राज कुकरेले, वीरेंद्र सिंह लंबरदार,सहित सभी मंडलों के पदाधिकारी शामिल रहे ।

## रीमझीम बारिश होने से बच्चों को स्कूल पहुंचने में हुई परेशानी, किसानों को और तेज बारिश का इंतजार



**रायसेन।** 8 से 10 दिन बाद गुरूवार की सुबह से कभी रीमझीम तो कभी तेज बारिश का दौर शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा, जिससे मौसम खुशनुमा हो गया है वहीं बच्चों को सुबह बारिश में स्कूल पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ा परिजन छाते और रेनकोट के सहारे बच्चों को स्कूल लेकर पहुंचे। बारिश होने से किसानों की धान की फसल में पानी लग गया,जिससे किसानों को बारिश होने से राहत मिली।

#### कम बारिश होने से नदी तालाब खाली

इस बर्ष जिले में अब तक तेज बारिश नहीं होने से सभी तालाब और नदियां खाली पड़े हैं, स्थिति यह है,धान खेतों में तेज गर्मी के चलते दरारें पड़ गई थी जिससे किसान भी चिंतित थे रायसेन जिला धान का कटोरा कहलाता है,यह ढाई लाख हेक्टेयर सें ज्यादा धान की फ़सल की जाती है, इस फ़सल को पानी की आवश्यकता ज्यादा पड़ती है, और मौसम की बेरुखी के चलते धान रोपाई का काम प्रभावित हो रहा था ट्यूबवेल से किसान धान के गड़े भर रहे हैं। सावन का महीना सूखा ही गुजर रहा है,अब किसानों को अगस्त में तेज बारिश होने की उम्मीद लगी है। गुरूवार की सुबह से हुई रिमझिम बारिश होने से जामीन का वाटर लेवल बडेगा। रिमझिम बारिश होने से किसानों कि धान की फ़सल के गढ़े भरा गए है।

# कानपोहरा में खनिज विभाग की मिली भगत से हुआ उत्खन्न जमकर काटी चांदी

### कलेक्टर की कार्रवाई से खनिज माफियाओं में मचा हड़कम्प

**रायसेन।** जिला मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम कानपोहरा में बड़े पैमाने पर पत्थर फर्शी का उत्खन्न दिन रात जारी रहा लेकिन खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने कार्रवाई ना करते हुए जमकर चांदी काटी और क्षेत्र में अफताब हुसैन द्वारा अवैध रूप से उत्खन्न करते हुए करीब 10 हजार घन मीटर खोद दिया। जिससे पर्यावरण को काफी बड़ी क्षति हुई है। 2 अगस्त 2023 को कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देश पर एसडीएम ने छापामार कार्रवाई की थी। कलेक्टर अरविंद दुबे ने अधिक जानकारी प्रदान करते हुए बताया की



काफी बड़े क्षेत्र में अवैध उत्खन्न किया गया है ओर इसके आंकलन के लिए खनिज विभाग को निर्देशित किया गया है। खनिज विभाग द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने के बाद जो भी नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रारंभिक जो नुकसान का आंकलन सामने आया है उमसें देखा जाए तो करीब 10 हजार घन मीटर का उत्खन्न किया गया हैएदेखा जाए तो करीब 10 करोड़ के आसपास का होगा।

#### खनिज अधिकारी लापरवाह

*जिला खनिज अधिकारी आर के कैथिल पूरी तरीके से लापरवाह बने हुए है,जहां कलेक्ट्रेट के आसपास ही अवैध ईट भट्ठों का संचालन करवाया जा रहा है,वहीं कानपोहरा में आफताब हुसैन के अलावा अन्य की भी अवैध पत्थर उत्खन्न किए जाने के लिए खदाने चल रही है,लेकिन कार्रवाई ना करते हुए जमकर चांदी काटने का काम किया जा रहा है। कानपोहरा में बड़े पैमाने पर अवैध उत्खन्न का खेल किसी से छिपा नही है,लेकिन खनिज विभाग के इस खेल में शामिल हो जाने की वजह से शासन को करोड़ों रूपए की राजस्व हानि उठाना पड़ रही है।*

#### युवक ने ससुराल में लगाई फांसी,पुलिस ने जांच की शुरू

रायसेन। जिले के सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले दीवानगंज में रहने वाले करण सिंह पिता छोटेलाल जाटव उम्र 34 वर्ष ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार करण सिंह पिता छोटेलाल जाटव दीवानगंज में रहकर मेहनत मजदूरी कर अपना भरण पोषण कर रहा था। करण सिंह अपनी ससुराल कालीटोर अपने बच्चों को लेने के लिए गया था ससुराल में कोई घर पर नहीं था इसी दौरान करण सिंह ने फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। जब ससुराल वाले ने देखा तो पुलिस को सूचित किया दीवानगंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंची फंदे से मृतक को उतारकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पीएम के लिए पहुंचाया। यह पीएम के बाद शव को परिजन के सुपुर्द कर मामला विवेचना में लिया है। करण सिंह के तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और एक बेटी है।

# ग्रीन साड़ी, घुंघराले बाल और तीखे तेवर में दिखीं कंगना रनौत, सामने आया फर्स्ट लुक



**कंगना** रनौत स्टारर हॉरर कॉमिडी फिल्म 'चंद्रमुखी 2' से एक्ट्रेस का फर्स्ट लुक सामने आ गया है. लाइका प्रोडक्शंस ने फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया है जिसमें कंगना ग्रीन कलर की साड़ी पहने दिखाई दे रही हैं. कंगना साड़ी के साथ हैवी ज्वैलरी पहने नजर आ रही हैं. उनके इस लुक ने फैंस में फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट भर दी है. पोस्टर में कंगना एक महल के अंदर खड़ी होकर पोज देती दिखाई दे रही हैं. लाइका प्रोडक्शंस ने पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'खूबसूरती और पोज जो शिद्दत से हमारा ध्यान चुरा लेती है! पेश है चंद्रमुखी 2 से चंद्रमुखी के रूप में कंगना रनौत का आकर्षक, प्रभावशाली और खूबसूरत पहला लुक. इस गणेश चतुर्थी पर तमिल, हिंदी, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जा रहा है!' बता दें कि इससे पहले लाइका प्रोडक्शंस ने कंगना का एक वीडियो भी शेयर किया था. इस वीडियो में कंगना की अलग-अलग फिल्में 'फैशन', 'तनु वेड्स मनु', 'क्रिश 3', 'क्वीन', 'मणिकर्णिका' से लेकर 'चंद्रमुखी 2' तक उनके किरदारों को दिखाया गया था. इस वीडियो साथ कैप्शन में लिखा था- 'इंतजार खत्म हुआ!

# 'गोल्ड डिगर' कहे जाने पर भड़कीं सुष्मिता सेन, एक्ट्रेस ने ट्रोल्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस सुष्मिता सेन इन दिनों अपनी फिल्म 'ताली' को लेकर काफी सुर्खियां बटोर रही हैं। हाल ही में फिल्म के मेकर्स ने उनकी इस फिल्म का पोस्टर जारी किया था। एक्ट्रेस अपनी खूबसूरती और दमदार एक्टिंग के लिए जानी-जाती हैं। मगर अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी अभिनेत्री अक्सर लाइमलाइट में छाई रहती हैं। सुष्मिता अपने फैंस के साथ अपना पर्सनल लाइफ से जुड़ी बाते शेयर करती रहती हैं। यही वजह से की उन्हें कई बार ट्रोलिंग का शिकार भी होना पड़ता है। एक्ट्रेस ने कुछ समय पहले जब ललित मोदी के साथ अपने रिलेशनशिप की घोषणा की थी तो उसके बाद सोशल मीडिया पर उन्हें जमकर ट्रोल किया गया था। वहीं,



अब सुष्मिता ने इन ट्रोल्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। अपने रिलेशनशिप पर लंबे समय बाद चुप्पी तोड़ते हुए एक्ट्रेस ने इस पर खुलकर बात की है। एक मीडिया संस्थान को दिए गए इंटरव्यू में उन्होंने कहा, अच्छा है इस तरह के कमेंट मेरे पास आए और मैं गोल्ड डिगर की परिभाषा समझ पाई। बेइज्जती तो बेइज्जती होती है, जब वो आपको मिलती है, जो मैं नहीं लेती हूं, लेकिन कुछ चीजें हैं जो किसी का बिजनेस नहीं हैं। मुझे ये कहने की जरुरत नहीं कि यह किसी का बिजनेस नहीं है बल्कि मैं यह कहना चाहूंगी यह आपका बिजनेस नहीं है। बाकी मैं आपको बता दूं कि मैं सिंगल हूं और इससे आपको कोई मतलब नहीं है।''बता दें कि सुष्मिता ने सोशल मीडिया पर जब ललित मोदी संग अपनी तस्वीरें शेयर की थीं। उसके बाद उन्हें काफी ट्रोल किया जाने लगा था, जिसके बाद एक्ट्रेस एक पोस्ट शेयर कर लोगों को मुंहतोड़ जवाब दिया था। उन्होंने अपनी एक तस्वीर शेयर की थी। अब इस पोस्ट पर भी सुष्मिता ने रिएक्ट किया। उन्होंने कहा,''उस पोस्ट को शेयर करने के बाद कई लोगों ने मुझसे कहा था कि आपको जवाब देने की जरुरत नहीं है, लेकिन यह मुझसे जुड़ा था तो मैं जवाब दूंगी।'' वर्कफ्रंट की बात करें तो सुष्मिता की फिल्म 'ताली' में नजर आने वाली हैं। उनकी यह फिल्म 16 अगस्त को जियो सिनेमा पर रिलीज की जाएगी। इसके अलावा अभिनेत्री आर्या 3 का भी हिस्सा हैं।

# अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' को लेकर आया बड़ा अपडेट, क्या तोड़ेगी 'पुष्पा' फिल्म का रिकॉर्ड?



**साल** 2021 में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर मूवी 'पुष्पा- द राइज' ने तहलका मचा दिया था। कहानी दिलचस्प, डायलॉग मजेदार, पैर थिरकाने वाले गाने और स्टाइल का तो कोई जवाब ही नहीं। मूवी ने दर्शकों पर ऐसी छाप छोड़ी, जिसे कभी मिटाया नहीं जा सकता है। आम लोगों से लेकर सेलिब्रिटीज तक के सिर पर 'पुष्पा' का खुमार देखने को मिल रहा था। अब 'पुष्पा' के ब्लॉकबस्टर के बाद अब सीक्वल की जोर-शोर से तैयारी चल रही है। अल्लू अर्जुन फिर से 'पुष्पा 2- द रूल' से थिएटर्स में आग लगाने जा रहे हैं। जब से सीक्वल का पोस्टर और टीजर जारी किया गया है, दर्शकों के बीच फिल्म के लिए उत्सुकता कई गुना बढ़ गई है। अब मूवी को लेकर एक और नया अपडेट सामने आया है, जो शायद आपका दिल खुश कर दे। खबर ये है कि मूवी के एक और शेड्यूल की शूटिंग शुरू हो गई है। लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक, देश के विभिन्न स्थानों पर 'पुष्पा 2' की शूटिंग हो चुकी है। अब नए शेड्यूल की शूटिंग शुरू होने जा रही है, जो हैदराबाद में होगी।

अल्लू अर्जुन समेत 'पुष्पा 2' की कास्ट हैदराबाद में रामोजी राव फिल्मसिटी में कुछ अहम सीन्स की शूटिंग करने जा रही है। नए शेड्यूल के लिए प्री-प्रोडक्शन का काम पूरा हो चुका है। फिल्म की शूटिंग के लिए स्टूडियो में एक विशाल सेट तैयार किया गया है। मेकर्स मूवी को ब्लॉकबस्टर बनाने के लिए प्रोडक्शन में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं।

# 'जवान' के दूसरे गाने का वीडियो हुआ लीक, नयनतारा के साथ शाहरुख खान ने किया रोमांस!

**शाहरुख** खान की फिल्म 'जवान' प्रीव्यू आउट होने के बाद से ही चर्चा में है। फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसने 'जवान' देखने की फैंस की एक्साइटमेंट को दोगुना कर दिया है। फिल्म का एक गाना 'जिंदा बंदा'



रिलीज हो चुका है। प्रीव्यू की तरह ही 'जिंदा बंदा' गाना भी रिलीज होते ही वायरल हो गया। ट्रेंडिंग लिस्ट में आज भी यह अपनी जगह बनाए हुए हैं। फिल्म का दूसरा गाना भी जल्द आने वाला है। एक क्लिप सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसे 'जवान' फिल्म का गाना बताया जा रहा है।

'जिंदा बंदा' के बाद जवान फिल्म का दूसरा गाना बस कुछ ही दिनों में सामने आ जाएगा। ये एक रोमांटिक गाना होगा। इससे जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें शिप पर दो लोग रोमांस करते देखे जा सकते हैं। इसे शाह रुख खान को नयनतारा का फिल्म से लीक हुआ वीडियो बताया जा रहा है। 'जवान' के दूसरे गाने का नाम 'दिल तेरे संग जोड़िया' हैं। इस गाने को अरिजीत सिंह ने गाया है। वायरल हुए वीडियो में ये क्लियर नहीं है कि शाह रुख खान और नयनतारा ही डांस कर रहे हैं। हालांकि, सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस क्लिप को जवान फिल्म का बताया जा रहा है। वीडियो में दिल तेरे संग जोड़ियां गाना बजता सुनाई दे रहा है। एटली कुमार के निर्देशन में बनने वाली 'जवान' फिल्म सात सितंबर को रिलीज हो रही है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .